# जयपुर पुलिस ने निकाला बदमाशों का जुलूस

## तीनों बदमाशों को शराब दुकान पर तोड़फोड़ कर लूट मामले में गिरफ्तार किया



जयपुर, 25 जुलाई (का.सं.)। जयपुर की भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने गुरुवार शाम को तीन बदमाशों का जुलूस निकाला। बदमाशों को पकड़कर बाजार में निकली पुलिस टीम को देखकर लोगों ने पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाए। गिरफ्तार तीनों बदमाशों को शराब दुकान पर तोड़फोड़ कर लूट मामले में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- राकेश हाडा (26) पुत्र जगदीश सिंह निवासी सदर सीकर हाल 9 दुकान करधनी, मोहम्मद अकरम (21) पुत्र अब्दुल सलीम निवासी साबिर कॉलोनी गलतागेट और तनवीर सिंह उर्फ तरुण (24) पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी शिवाजी नगर भट्टाबस्ती हाल खोरा बिसल करधनी को अरेस्ट किया गया है। गिरफ्तार तीनों बदमाशों के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में अपराधिक केस दर्ज हैं।

8-10 बदमाशों ने पाइप-सरिए से हमला किया

भट्टाबस्ती बाजार में शराब दुकान करने वाले उम्मेद सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। 13 जुलाई को शराब की दुकान पर 8-10 बदमाशों ने पाइप-सरिए से हमला कर दिया। शॉप में तोड़फोड़ कर कलेक्शन के करीब 60 हजार रुपए लूट ले गए। स॥ह (भट्टाबस्ती) कैलाश विश्नोई के नेतृत्व में तुरंत टीम का गठन किया गया था। शॉप में तोड़फोड़ कर लूट को लेकर बाजार में दहशत का माहौल था।

# अवैध प्रतिक्रमण के खिलाफ जेडीए की बड़ी कार्रवाई

जयपुर, 25 जुलाई (का.सं.)। जयपुर विकास प्राधिकरण लगातार अवैध अतिक्रमण हटा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को शहर के वैशाली नगर, खातीपुरा और झोटवाड़ा क्षेत्र में जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने 4 किलोमीटर क्षेत्र में 200 से ज्यादा अवैध अतिक्रमण और निर्माण को ध्वस्त किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि आज जोन- 6 और 7 में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वैशाली नगर, खातीपुरा, झोटवाड़ा, पुरानी चुंगी क्वीन्स रोड़ से खातीपुरा होते हुए लता सर्किल तक रोड़ के दोनों तरफ लगभग 4 किलोमीटर क्षेत्र में दुकानों, मकानों के आगे अवैध तरीके से बने चबूतरे, सीढ़ियां, बाउण्ड्रीवाल, टीन शेड, लोहे के ऐंगल, चाय नास्ते की थड़ियां, ठेले, तिरपाल, लोहे की रेलिंग, जालियां, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड, समेत लगभग 220 से ज्यादा स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों और अतिक्रमणों को हटाया गया है।

# प्रिस्टीन केयर ने रचा इतिहास, एप्पल विजन प्रो की मदद से की दुनिया की पहली एसीएल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी

## डॉ. मनु बोरा अत्याधुनिक एआर टेक्नोलॉजी के साथ एडवांस एसीएल, पीसीएल रिकंस्ट्रक्शन और मेनिस्कस रिपेयर के क्षेत्र में निभा रही हैं अग्रणी भूमिका

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

नई दिल्ली, 25 जुलाई (वेब वार्ता)। प्रिस्टीन केयर ने देश की प्रसिद्ध एसीएल एक्सपर्ट डॉ. मनु बोरा के नेतृत्व में इतिहास रचते हुए क्रांतिकारी एप्पल विजन प्रो की मदद से दुनिया की पहली एसीएल सर्जरी की है। यह अब तक की पहली सर्जरी है, जिसमें 33 साल के एक पुरुष रोगी की एसीएल और पीसीएल रिकंस्ट्रक्शन और मेनिस्कस रिपेयर किया गया। यह सफलता हेल्थकेयर के क्षेत्र में इनोवेशन को लेकर प्रिस्टीन केयर की प्रतिबद्धता को पेश करती है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पहले प्रिस्टीन केयर मई में एक और उपलब्धि हासिल कर चुका है। तब प्रिस्टीन केयर ने पहली बार एप्पल विजन प्रो की मदद से बैरिएट्रिक सर्जरी की थी। अत्याधुनिक ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) डिवाइस, एप्पल विजन प्रो का उपयोग सटीकता से सर्जरी करने और रोगी की बेहतर देखभाल के लिए प्रिस्टीन केयर के प्रयासों को प्रदर्शित करता है।

प्रिस्टीन केयर के को-फाउंडर हरसिमरबीर सिंह ने कहा, एप्पल विजन प्रो का उपयोग ऑर्थोपेडिक सर्जरी में करना यह बताता है कि हम हेल्थकेयर के क्षेत्र में इनोवेशन लाने को लेकर कितनी गंभीरता से काम कर रहे हैं। हम जिस तरह से हेल्थकेयर के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए नए मानक स्थापित कर रहे हैं, साथ ही मरीजों को सबसे बेहतरीन केयर प्रदान कर रहे हैं, इस पर हमें गर्व है। हमारा पूरा फोकस हेल्थकेयर के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए इनोवेशन को बढ़ावा



देने पर है। हमारी यह कोशिश बताती है कि हम उन लोगों को सबसे बेहतरीन इलाज और केयर प्रदान करें जिनकी हम सेवा करते हैं। एप्पल विजन प्रो एक विस्तृत 3D व्यू प्रदान करता है। इसकी मदद से डॉ. बोरा और उनकी टीम कॉम्पलेक्स एनाटॉमिकल स्ट्रक्चर को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। इस तकनीक ने उन्हें सटीक तरीके से सर्जरी करने, जोखिम को कम करने और रोगी को बेहतर इलाज प्राप्त करने में मदद की है। यह सर्जरी आर्थोपेडिक केयर के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता है। यह सटीक तरीके से सर्जरी करने, सर्जरी में लगने वाले समय को कम करने और रोगी को तेजी से रिकवरी प्राप्त करने के लिए एआर तकनीक कितनी मददगार है, इसे प्रदर्शित करती है। डॉ. मनु बोरा ने कहा, जटिल स्तर की सर्जरी में एप्पल विजन प्रो का उपयोग करके, हम सटीक तरीके से सर्जरी करने और रोगियों को बेहतर परिणाम देते हुए स्वास्थ्य सेवा के नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। एडवांस एआर तकनीक बहुत तेजी से हेल्थकेयर के भविष्य में बदलाव ला रही है। प्रिस्टीन केयर द्वारा इनोवेटिव तरीके से एप्पल विजन प्रो का इस्तेमाल करते हुए हेल्थकेयर के क्षेत्र में अपनी स्थिति को और भी मजबूत किया है। प्रिस्टीन केयर का यह प्रयास सर्जरी के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला रहा है, साथ ही रोगियों के अनुभव को और भी बेहतर बना रहा है।

# एनएचएआई के सामने कोई वित्तीय संकट नहीं: गडकरी

नई दिल्ली, 25 जुलाई (वेब वार्ता)। सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) किसी वित्तीय संकट का सामना नहीं कर रहा और उसने टोल राजस्व आदि के माध्यम से अपने ऋण को चुकाने की योजना बनाई है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में माला राय के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी जिन्होंने पूछा था कि क्या एनएचएआई भारी वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। गडकरी ने कहा, ''एनएचएआई किसी वित्तीय संकट का सामना नहीं कर रहा है जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि एनएचएआई ने 15,700 करोड़ रुपये के बैंक ऋण का पूर्व भुगतान 'इनविट' मुद्रीकरण प्राप्ति के माध्यम से कर दिया है।'' उन्होंने कहा कि एनएचएआई का ऋण 3.35 लाख करोड़ रुपये है। गडकरी ने कहा कि सरकार ने एनएचएआई को वित्त वर्ष 2023-24 से धन जुटाने के लिए अधिकृत नहीं किया है। उन्होंने कहा, ''इस प्रकार ऋण में कमी शुरू हो गई है।'' गडकरी ने कहा कि एनएचएआई ने टोल राजस्व और परिसंपत्ति मुद्रीकरण के बेहतर प्रवाह के माध्यम से अपने ऋण को चुकाने के लिए एक योजना तैयार की है। उन्होंने कहा, ''इनविट मोड के माध्यम से जुटाई गई राशि का उपयोग केवल ऋण चुकाने के लिए किया जाता है।'' 'इनविट' (अवसंरचना निवेश न्यास) 'म्यूचुअल फंड' के स्वरूप वाली सामूहिक निवेश योजना है, जिसमें निवेशक अवसंरचना से संबंधित परियोजनाओं में प्रत्यक्ष निवेश कर पाते हैं।

# बीजेपी के सामने नीतीश ने सरेंडर कर दिया

## पटना पहुंचे लालू यादव, बोले- बजट में बिहार को बजाने के लिए झुनझुना दिया गया

पटना, 25 जुलाई (वेब वार्ता)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने पटना में बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट निराशाजनक रहा। केंद्र की ओर से बिहार को बजाने के लिए झुनझुना पकड़ा दिया गया है। नीतीश कुमार फेल हो गए हैं। उन्होंने बीजेपी के सामने सरेंडर कर दिया है।



"नीतीश कुमार ने कहा था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएंगे। इसलिए अब उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

**-लालू यादव,** राजद सुप्रीमो

लालू यादव की सोमवार को तबीयत बिगड़ी थी। यूरिन में परेशानी के बाद उनको दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। हालांकि उनके करीबियों ने कहा कि वे रूटीन चेकअप के लिए आए हैं। चेकअप में दो दिनों को समय लगता है। लालू दो दिनों से एम्स में थे। वहां से ठीक होने के बाद आज गुरुवार को पटना लौटे हैं। वहीं, कहा जा रहा था कि लालू के छोटे बेटे तेजस्वी यादव आज पटना पहुंचेंगे, लेकिन वो अभी नहीं आए हैं। आज राजद विधायक दल की बैठक भी होनी है, जिसमें तेजस्वी के रहने की बात कही जा रही थी।

लालू बोले- आम आदमी के दिल पर खंजर है ये बजट

दो दिन पहले लालू ने केंद्रीय बजट पर तंज कसा था। उन्होंने बजट को आम आदमी के दिल पर खंजर बताया था। लालू ने एक्स पर लिखा था- एक घिसा-पिटा हट है ये बजट, जुमलों की रट है ये बजट, गरीब और किसान के सपने कर रहा बंजर है ये बजट, आम आदमी के दिल पर खंजर है ये बजट..।

लालू पॉलिटिकल मुद्दों पर भी सोशल मीडिया पर ही नहीं, बल्कि बयान देकर भी एक्टिव दिख रहे हैं। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा न दिए जाने को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर उनका तीखा बयान आया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने का वादा किया था, लेकिन अब जब केंद्र ने इससे इनकार कर दिया है तो नीतीश कुमार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

# बिहार विधानसभा में विपक्ष का हंगामा जारी, कांग्रेस के विधायक मुंह पर काली पट्टी बांधकर पहुंचे

पटना, 25 जुलाई (वेब वार्ता)। बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भी विपक्ष का हंगामा जारी है। इस बीच, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस के विधायक मुंह पर काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे।



इधर, सदन की कार्यवाही शुरू होने पर भी विपक्ष के सदस्यों का हंगामा जारी रहा। मानसून सत्र के चौथे दिन की शुरुआत के पहले विपक्षी सदस्य आक्रामक दिखे। कांग्रेस के विधायकों ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के विधायक राजेश राम ने कहा कि मुख्यमंत्री विरोधियों पर लाठी चलाते रहते हैं। जब भाजपा विपक्ष में थी, तब उन पर लाठी चलवाई और अब कांग्रेस पर। उन्होंने कहा कि कल युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे और पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इधर, भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि जो भी नियम तोड़ेगा उन पर पुलिस कार्रवाई करती है। दरअसल, विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। उल्लेखनीय है कि बिहार की राजधानी पटना में प्रदेश युवा कांग्रेस ने बुधवार को विधानसभा घेराव की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसके बाद कांग्रेस भड़क उठी है। बिहार में कानून-व्यवस्था की खराब हालत, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक का आरोप लगाकर प्रदेश युवा कांग्रेस ने विधानसभा घेराव का ऐलान किया था।

इसी कड़ी में बुधवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व में विधानसभा घेराव करने निकले थे और पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था, जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए थे। इस बीच, गुरुवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद ही विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के सदस्य वेल में पहुंच गए और हंगामा करने लगे।

# हिंदुस्तान जिंक ने एशिया का पहला लो कार्बन 'ग्रीन' जिंक इकोजेन किया लॉन्च

## अक्षय ऊर्जा के उपयोग से उत्पादित, इकोजेन में उत्पादित जिंक के प्रति टन कार्बन समकक्ष 1 टन से भी कम कार्बन फुटप्रिंट है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है

मुंबई, 25 जुलाई (**प्रभात अभिनन्दन न्यूज**)। देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपना लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड इकोजेन लॉन्च किया। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त यह कंपनी एशिया की पहली जिंक उत्पादक है जिसने दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए अपनी तरह का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ऑफर किया है।




इकोजेन को एक प्रसिद्ध वैश्विक स्थिरता परामर्श फर्म द्वारा जीवन चक्र मूल्यांकन, एलसीए के माध्यम से लो-कार्बन जिंक के रूप में प्रमाणित किया गया है और इसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित जिंक पर एक टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है। जिंक का प्राथमिक अनुप्रयोग स्टील को जंग से बचाने के लिए गैल्वनाइजेशन के लिए है स्टील, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव और सनराइज सेक्टर जैसे अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, हाई-टेक विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इकोजेन हिंदुस्तान जिंक की अपने परिचालन को डीकार्बोनाइज करने के साथ-साथ अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि बदले में अपने ग्राहकों को अधिक सस्टेनेबल विकल्प प्रदान किए जा सकें।

इस नवीनतम पेशकश से हिंदुस्तान जिंक के इकोजेन के साथ एक टन स्टील को गैल्वनाइज करने में उनकी मूल्य श्रृंखला में लगभग 400 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन से बचाव होगा। हिंदुस्तान जिंक की नवीनतम पेशकश, कम कार्बन ग्रीन जिंक को इकोजेन ब्रांड किया गया है। शुरुआत के लिए इकोजेन एक स्पेशल हाई ग्रेड (एसएचजी) जिंक उत्पाद संस्करण के रूप में उपलब्ध है इस कम कार्बन वाले पर्यावरण अनुकूल जिंक का निर्माण अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके किया जा रहा है और इसका वैश्विक तापमान वृद्धि क्षमता मूल्य बाजार में सबसे कम है, जो वैश्विक औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम है। उत्पाद की प्रमाणन प्रक्रिया एक मास-बैलेंस दृष्टिकोण पर आधारित है और इसे क्रैडल टू गेट पद्धति का उपयोग कर किया गया है।

हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन और वेदांता समूह की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि, स्थिरता हमारे सभी व्यावसायिक निर्णयों के मूल में बनी हुई है। हिंदुस्तान जिंक का एसएंडपी इंडेक्स में नंबर 1 होना, एक स्थायी भविष्य के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इकोजेन का शुभारंभ 2050 तक नेट जीरो बनने की हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। ईएसजी के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित कर, वेदांता का हिंदुस्तान जिंक सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक सस्टेनेबल संचालन और उत्पाद बनाकर प्राकृतिक संसाधन उद्योग में क्रांति ला रहा है।

उत्पाद लॉन्च के अवसर पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा, इकोजेन का लॉन्च हमारे परिचालन को डीकार्बोनाइज करने की हमारी यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों की सेवा भी करता है जो अपने द्वारा उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल की उत्पत्ति के बारे में जागरूक हैं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को डीकार्बोनाइज करने का लक्ष्य रखते हैं। यह हिंदुस्तान जिंक के नेट-जीरो लक्ष्यों के अनुरूप हमारी उत्पाद रणनीति में एक प्रमुख मील का पत्थर है।

# पिस्तौल के दम पर ड्राइवर से लूट

जयपुर, 25 जुलाई (का.सं.)। जयपुर में पिस्तौल के दम पर पिकअप ड्राइवर से लूट का मामला सामने आया है। हथियारबंद बदमाशों ने बाइक आगे लगाकर पिकअप को रोक लिया। पिस्तौल के दम पर पिकअप में लोड माल लूट कर ले भागे। शिवदासपुरा थाने में पीड़ित पिकअप ड्राइवर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

**SI** लेखराज ने बताया- लूट की वारदात सचिवालय विहार मानसरोवर निवासी सुशील चौधरी (48) के साथ हुई। वह शिवदासपुरा इलाके में स्थित प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में लोडिंग पिकअप चलाने का काम करता है। बुधवार दोपहर करीब 4:30 बजे वह कंपनी से माल के 75 बैग लोड कर चाकसू की ओर जा रहा था। इस दौरान 19 मील गांव के पास दो लड़कों ने पिकअप के आगे बाइक लगाकर उसे रुकवा लिया। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने पिस्तौल के दम पर उसे नीचे उतार लिया। महज कुछ ही देर में गाड़ी लेकर उनके तीन साथी आए।

# बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में अब तक नहीं पहुंचे तेजस्वी यादव, सत्ता पक्ष पूछ रहा सवाल

पटना, 25 जुलाई (वेब वार्ता)। बिहार विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा कार्यवाही में भाग ले रहे हैं लेकिन, इस सत्र में अब तक नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव नजर नहीं आए। अब यह सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर तेजस्वी यादव कहां हैं? सत्ता पक्ष अब इसे लेकर पूछ रहा है कि नेता प्रतिपक्ष का पद संवैधानिक पद है, ऐसे में उनका गायब होना लोकतंत्र के प्रति उनके विश्वास को दिखाता है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार कहते हैं कि राजद के 'युवराज' लापता हैं।

# कर्नाटक में हुआ 600 करोड़ का एक और वाल्मीकि घोटाला: शहजाद पूनावाला

नई दिल्ली, 25 जुलाई (वेब वार्ता)। कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार में हुए कथित घोटालों को लेकर भाजपा की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक बार फिर कर्नाटक सरकार पर हमला हमला बोला और उन्होंने कांग्रेस के खटाखट लूट मॉडल की आलोचना की। शहजाद पूनावाला ने कहा, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के राज में एक नया खटाखट घोटाला सामने आया है। पहले पांच हजार करोड़ का एमयूडीए घोटाला हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी का नाम सामने आया। हजारों जमीनें अपने साथियों को दे दी गई। फिर 180 करोड़ का वाल्मीकि घोटाला हुआ, जिसमें आदिवासियों के पैसे का इस्तेमाल महंगी गाड़ियों और शराब खरीदने में किया गया।

पूनावाला ने दावा करते हुए कहा, कर्नाटक में वाल्मीकि पार्ट-2 घोटाला हुआ है। वाल्मीकि पार्ट-2 स्कैम 600 करोड़ रुपये का घोटाला है और ये घोटाला कर्नाटक में जमीर अहमद की लीडरशिप में किया गया है। कर्नाटक स्टेट हैबिटेट सेंटर बनाया गया, जिसे कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी एक्ट के खिलाफ जाकर बनाया गया है। इसके बावजूद हैबिटेट सेंटर को प्रोजेक्ट दिए जा रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि बेंगलुरु में कर्नाटक स्टेट हैबिटेट सेंटर नामक एक संगठन को लगभग 600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। किसी भी संवैधानिक मान्यता की कमी के बावजूद इस हैबिटेट सेंटर को जमीर अहमद के नेतृत्व में परियोजनाओं को शुरू करने के लिए अधिकृत किया गया है। कल्याण कर्नाटक विकास बोर्ड से इस हैबिटेट सेंटर को फंड ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल पूछा और कहा कि अगर विपक्ष वाल्मीकि पार्ट-2 घोटाले पर सवाल पूछ रहा है तो सरकार इससे भाग रही है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार घोटाले कर जनता से बदला ले रही है।

**एल&टी फाइनान्स लिमिटेड**
(पहले एल&टी फाइनान्स होल्डिंग्स लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
**पंजीकृत कार्यालय:** एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
**सीआईएन नं.:** L67120MH2008PLC181833
**शाखा कार्यालय:** जयपुर

L&T Finance

**गिरवी संपत्ति की बिक्री के लिए सार्वजनिक नीलामी**

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रभावीकरण अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत एल&टी फाइनान्स लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा और उक्त अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोगांतर्गत अपनी बकाया राशियों एवं आगामी ब्याज, प्रभारों, शुल्कों एवं व्ययों आदि की वसूली हेतु **''सार्वजनिक नीलामी''** के माध्यम से **''जहाँ है''** और **''जैसी स्थिति में है''** आधार पर निम्नांकित संपत्ति की नीलामी की जा रही है.

| कर्जदार और सह-कर्जदार का नाम | सिक्योर्ड प्रॉपर्टी का पता | लोन अकाउंट नंबर | लिया गया भौतिक कब्जा | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट आरपी का 10% या अधिक (₹ में) | 23.07.2024 के अनुसार कुल बकाया राशि (₹ में) | आरक्षित मूल्य (₹ में) | निरीक्षण का दिनांक | नीलामी का दिनांक और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. विनीत कुमार विजयवर्गीय 2. गीता देवी 3. श्री लक्ष्मी मैचिंग सेंटर (इसके मालिक विनीत कुमार विजयवर्गीय के माध्यम से) | संपत्ति का पूरा हिस्सा और खंड पता: फ्लैट नंबर एफ-1, क्षेत्रफल 843.75 वर्ग फीट कारपेट एरिया, पहली मंज़िल, प्लॉट नंबर 82, दुर्गा विहार डी, निवारू रोड, जयपुर, राजस्थान, 302013. संपूर्ण भूमि की सीमाएँ: पूर्व – प्लॉट नंबर 78; पश्चिम – सड़क; उत्तर – प्लॉट नंबर 83; दक्षिण – प्लॉट नंबर 81 | H175001801211212 11, H175001801210119 39, H175002101210350 22 | 12 जून 2024 | ₹1,47,656.30 | ₹2382758.2 | ₹14,76,563 | सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ | 29/08/2024 सु. 10 से दोपहर 12 बजे |

**सार्वजनिक निलामी के नियम व शर्तें**

1. एसएआरएफएईएसआई कानून के प्रावधानों के अंतर्गत सार्वजनिक ई-नीलामी मोड की सहायता से और के ज़रिए ई-नीलामी बिक्री वेबसाइट https://sarfaesi.E-auctiontiger.net के माध्यम से अधिकृत अधिकारी द्वारा ऑनलाइन संचालित की जा रही है.
2. यह सार्वजनिक ई-नीलामी उपरोक्त तिथि एवं समय पर संचालित की जाएगी, जब उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति **''जहाँ है'' और ''जैसी स्थिति में है'' आधार पर बेची जाएगी.**
3. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इसकी मंशा रखने वाले क्रेताओं/बोलीकर्ताओं को **28/08/2024** को या उससे पहले पेनकार्ड, कंपनी होने की स्थिति में मंडल संकल्पों और पते के प्रमाण की प्रतियों के साथ इन सुरक्षित संपत्तियों के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना धनराशि जमा के भुगतान के विवरण जमा करने होंगे.
4. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में सफल न होने वाले अन्य सभी बोलीकर्ताओं की ईएमडी को सार्वजनिक ई-नीलामी के समापन के 7 दिन के भीतर एलटीएफ द्वारा वापस कर दिया जाएगा. इस ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा.
5. सफल क्रेता/बोलीकर्ता द्वारा उसके प्रस्ताव का 25% (ईएमडी सहित) भाग **29/08/2024** को यानी ई-नीलामी के दिन शाम 18.00 बजे या उससे पहले या उसके अगले कार्यदिवस यानी **30/08/2024** को जयपुर में देय ''एल&टी फाइनान्स लिमिटेड'' के पक्ष में डीडी/पीओ के माध्यम से जमा करवाया जाएगा, जिस जमा की पुष्टि एल&टी फाइनान्स लिमिटेड द्वारा की जानी चाहिए, जिसमें असफल रहने पर विक्रय को असफल माना जाएगा और उक्त सफल बोलीकर्ता की ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा. शेष राशि यानी क्रय राशि का 75% भाग क्रेता द्वारा एल&टी फाइनान्स लिमिटेड को अचल संपत्ति के विक्रय की पुष्टि होने के पंद्रह दिन या उससे पहले या कानून के प्रावधानों के अनुसार ऐसी विस्तारित अवधि में देय होगा.
6. संपत्ति के निरीक्षण या अधिक जानकारी के लिए, प्रत्याशित बोलीकर्ता अधिकृत अधिकारी, यानी **''नाम - प्रदीप सिनसिनवार, संपर्क नं. 7877012577, और संतोष तिवारी, संपर्क नं. 9920490126, एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, ऑफिस: 6ठीं मंजिल, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना सीएसटी रोड, मर्सिडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई-400098''** ई-नीलामी की किसी भी अवस्था में, अधिकृत अधिकारी द्वारा कोई कारण बताए बिना या इसकी कोई पूर्व सूचना दिए बिना ई-नीलामी को स्थगित किया जा सकता है या बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/परिवर्तित/निरस्त किया जा सकता है.
7. सफल क्रेता/बोलीकर्ता को ऐसे कोई भी वैधानिक शुल्क, कर, देय प्रभार, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि वहन करना होगा, जो लागू कानूनों के अनुसार संपत्ति को उसके पक्ष में सौंपने/प्रदान करने के लिए भुगतान करने की आवश्यकता हो.
8. ऋणी/गारंटर, जो उक्त बकाया राशियों के लिए देनदार हैं, द्वारा उपरोक्त सार्वजनिक ई-नीलामी विक्रय के धारण के बारे में प्रतिभूति हित (प्रभावीकरण) नियम के नियम 8 (6) के अंतर्गत एक सूचना के रूप में इस विक्रय सूचना को लिया जाएगा.
9. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर को एतद्द्वारा उक्त ई-नीलामी दिनांक से पहले ऊपर वर्णित विवरणों के अनुसार संपूर्ण बकाया लोन राशि अदा करने का आवाहन किया जाता है जिसमें विफल रहने पर एल&टी फाइनान्स लिमिटेड एसएआरएफएईएसआई में दिए गए प्रावधानों के अनुसार संपत्ति को बेच देगी.
10. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर और जन सामान्य को एतद्द्वारा एल&टी फाइनान्स लिमिटेड की लिखित रूप में पूर्व सहमति के बिना सूचना में संदर्भित सिक्योर्ड संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा किसी तरीके से अंतरित करने से निषिद्ध किया जा रहा है.

**दिनांक:** 26.07.2024
**स्थान:** जयपुर

कृते/-
**प्राधिकृत अधिकारी**
एल&टी फाइनान्स लिमिटेड के लिए

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः **yuvrajsinghh@gmail.com**